भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 826
सोमवार, 27 जुलाई, 2026 (5 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा से मुंबई के लिए सीधी हवाई सेवा के विस्तार के लिए प्रस्ताव

826. डा. धर्मशीला गुप्ताः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार दरभंगा से मुंबई के बीच सीधी हवाई सेवा प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ख) दरभंगा से मुंबई के बीच नियमित, किफायती एवं पर्याप्त सीधी हवाई सेवाएं उपलब्ध कराने तथा उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्ययोजना बनाई गई है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क(और (ख(: वर्तमान में, इंडिगो और स्पाइसजेट मुंबई से दरभंगा के लिए क्रमशः 3 और 6 साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन करती हैं।

मार्च, 1994 में वायु नियम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया था। एयरलाइनें किसी भी विमान प्रकार के साथ क्षमता को शामिल करने और उन बाजारों और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं जिन्हें वे सेवा देना चाहते हैं। तदनुसार, किसी भी मार्ग पर हवाई सेवाओं की शुरुआत करना बाजार की मांग, परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता और कंपनी की नीति के आधार पर संबंधित एयरलाइन का वाणिज्यिक निर्णय होता है।

******